an>

Title: Need to address the acute shortage of drinking water in Hathras parliamentary constituency, Uttar Pradesh -laid.

श्री राजवीर दिलेर (हाथरस): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र हाथरस की ओर दिलाना चाहता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जनपद हाथरस के विभिन्न विकास खंडों के कुछ गाँवों में पेयजल की बहुत बड़ी समस्या है । भूतल स्तर पर खारा पानी है जिसके कारण पीने योग्य पानी की समस्या एक लंबे समय से बनी हुई है । जनपद हाथरस के विधान सभा सिकंदराराऊ एंव विधान सभा सादाबाद के विभिन्न ग्रामवासियों को पीने के पानी के लिए दूर दराज तक जाना पड़ता है । इसके कारण क्षेत्रीय जनता को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।

मैं माननीय जल शक्ति मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र की पेयजल की समस्या को दूर करने की कृपा करे ।